No. of Printed Pages : 8 **BCOC-131**

# PROGRAMME : B. COM. (C.B.C.S.)

## Term-End Examination

## December, 2020

### BCOC-131 : FINANCIAL ACCOUNTING

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note** : Attempt any **five** questions. Each question carries 20 marks.*

1. (a) What are the qualitative characteristics of accounting information ? Briefly explain. 6

   (b) What do you mean by the Principle of Double Entry ? Give the rules of Debit and Credit with suitable examples. Also explain the accounting equation with examples. 7, 7

2. There was a difference of ₹ 430 in a Trial Balance. It was placed in the Debit side of Suspense Account. Later on the following errors

were discovered. Pass the rectifying entries and prepare the Suspense Account : 15, 5

(i) Purchase Book was overcast by ₹ 100.

(ii) Sales Book was overcast by ₹ 1,000.

(iii) Goods for ₹ 800 purchased from Umakant, though entered in the Purchase Book has not been posted to his account.

(iv) An amount of ₹ 500 has been posted to the credit of Commission account instead of ₹ 570.

(v) Goods sold to Bharati for ₹ 4,400 has been posted to her account as ₹ 4,000.

(vi) Goods sold to 'X' for ₹ 750 were recorded in the Purchases Book.

3. Define Depreciation. What factors should be considered for determining the amount of depreciation ? Explain the merits and demerits of written down value method. 3, 5, 12

4. What are the characteristics of Hire Purchase Agreement ? Discuss the rights of a Hirer under Hire Purchase Agreement. Describe the

difference between the accounting treatment under the 'Hire Purchase System' and the 'Instalment Payment System'. 5, 7, 8

5. "Joint Venture is a temporary partnership." Comment and explain, how does it differ from the 'Partnership' and 'Consignment'. 6, 7, 7

6. How are branch balances incorporated in Head Office books at the end of the accounting year and how do you deal with purchase and depreciation of branch fixed assets whose accounts are maintained at the Head Office level ? 6, 14

7. Define Computerized Accounting System. Distinguish between manual and computerized accounting system. Explain the considerations which are required to be kept in mind while choosing Accounting Software. 3, 7, 10

8. 'A' of Sonipat consigned 500 bicycles to 'B' of Chennai to be sold on his account and at his risk. The cost of one bicycle was ₹ 200. 'A' paid ₹ 5,500 as freight and insurance and received

₹ 40,000 as advance from 'B'. B paid ₹ 1,000 as Octroi and Cartage, ₹ 1,500 as Rent, and ₹ 1,200 as Insurance. 410 bicycles were sold by 'B' for ₹ 1,10,000. B was entitled to a Commission of 5% on sale @ ₹ 250 per bicycles and 25% of any surplus price realized.

Give journal entries in the books of 'A' and prepare Consignment Account. 14, 6

9. Briefly explain the following concepts : 4×5=20

(a) Conservatism concept

(b) Consistency concept

(c) Full disclosure concept

(d) Materiality concept

# BCOC-131

## कार्यक्रम : बी. कॉम. ( सी. बी. सी. एस. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2020

## बी.सी.ओ.सी.-131 : वित्तीय लेखाकरण

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं।*

1. (a) लेखाकरण की गुणात्मक विशेषताएँ क्या हैं ? संक्षिप्त में विवेचना कीजिए। 6

   (b) दोहरी प्रविष्टि के सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं ? डेबिट और क्रेडिट के नियम उचित उदाहरणों के साथ लिखिए और लेखांकन समीकरण की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 7,7

2. एक तलपट में ₹ 430 का अन्तर पाया गया जिसे उचन्ती खाते के डेबिट पक्ष में लिख दिया गया। बाद में

निम्नलिखित त्रुटियाँ ज्ञात हुईं। इन्हें शुद्ध करने की प्रविष्टियाँ कीजिए तथा उचन्ती खाता बनाइए : 15, 5

(i) क्रय बही का जोड़ ₹ 100 अधिक लग गया।

(ii) विक्रय बही का जोड़ ₹ 1,000 अधिक लग गया।

(iii) उमाकान्त से ₹ 800 माल क्रय किया जिसे क्रय बही में तो लिख दिया गया परन्तु उसके खाते में खतौनी करना भूल गए।

(iv) कमीशन खाते के क्रेडिट पक्ष में ₹ 570 के स्थान पर ₹ 500 लिख दिए गए।

(v) भारती को ₹ 4,400 का माल विक्रय किया परन्तु उसके खाते में ₹ 4,000 लिखे गए।

(vi) एक्स को ₹ 750 का माल बेचा परन्तु इसे क्रय पुस्तक में लिखा गया।

3. मूल्यह्रास को परिभाषित कीजिए। मूल्यह्रास की राशि के निर्धारण में कौन-कौनसे तत्व ध्यान में रखने चाहिए? ह्रासित शेष विधि के गुण एवं दोषों का उल्लेख कीजिए। 3, 5, 12

4. अवक्रय करार की क्या विशेषताएँ हैं ? अवक्रय करार के अन्तर्गत अवक्रेता के अधिकारों का वर्णन कीजिए। अवक्रय प्रणाली तथा किश्तों में भुगतान प्रणाली के अन्तर्गत लेखा विधि के बीच के अन्तर का उल्लेख कीजिए। 5, 7, 8

5. "संयुक्त उद्यम एक अस्थायी साझेदारी है।" टिप्पणी कीजिए और बताइए कि यह साझेदारी और प्रेषण से कैसे भिन्न हैं ? 6, 7, 7

6. लेखा वर्ष के अन्त में ब्रांच शेषों का मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में किस प्रकार समावेशन किया जाता है और ब्रांच की स्थायी परिसम्पत्तियों के क्रय और मूल्यह्रास का लेखाकरण आप किस प्रकार करते हैं जिनके परिसम्पत्ति खाते मुख्य कार्यालय के स्तर पर रखे जाते हैं ? 6, 14

7. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली को परिभाषित कीजिए। मैन्यूअल और कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में अन्तर की विवेचना कीजिए। एक लेखांकन सॉफ्टवेयर का चयन करते समय किन घटकों को ध्यान में रखना चाहिए ? 3, 7, 10

8. सोनीपत के A ने अपनी जोखिम पर बेचने के लिए 500 साइकिलें चेन्नई के B को प्रेषण पर भेजीं। एक साइकिल की लागत ₹ 200 थी। A ने ₹ 5,500 भाड़े एवं बीमे के दिये तथा B से अग्रिम राशि के ₹ 40,000 प्राप्त किये। B ने ₹ 1,000 चुंगी एवं गाड़ी भाड़ा, ₹ 1,500 किराया तथा ₹ 1,200 बीमे के भुगतान किये। B ने 410 साइकिलें ₹ 1,10,000 में बेच दीं। B ₹ 250 प्रति साइकिल के विक्रय मूल्य पर 5% और इससे अधिक मूल्य पर 25% कमीशन पाने का अधिकारी है।

A की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा प्रेषण खाता तैयार कीजिए। 14, 6

9. निम्नलिखित संकल्पनाओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए : 4×5=20

(क) अनुदारवादिता

(ख) एकरूपता

(ग) पूर्ण प्रकटीकरण

(घ) महत्व की संकल्पना